# रेवाड़ी में अपराधियों के हौंसले : कैप्टेन अजय सिंह

रवि मेहंदीरत्ता, गुड़गांव टुडे

**रेवाड़ी।** पूर्व मंत्री कैप्टेन अजय सिंह यादव ने कहा कि रेवाडी में अपराधियों के हौंसले दिन प्रतिदिन बढते जा रहे हैं। आज भी बारा हजारी में प्रताप डेरी के पास दुकानदार पर कुल्हाडी व लाठी-डंडो से कुछ लोगों ने हम्ला कर दिया। जिसकी मैं कडी शब्दों में निंदा करता हूं। मामला चाहे कुछ भी लेकिन हिंसा किसी भी चीज का समाधान नही है। पूर्व मंत्री पीडितों से मिलने ट्रामा सेंटर भी पंहूचे, वहां पर उन्होंने सारी जानकारी लेकर पुलिस अधिक्षक से बात की और कहा कि मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जाए।



ट्रामा सेंटर में घायलों का हालचाल जानते और मौके पर पुलिस अधिक्षक से बात करते हुए पूर्व मंत्री कैप्टेन अजय सिंह यादव।

कैप्टेन अजय सिंह ने कहा कि कविराज और नरोतम सैनी दोनों से मैं मिला हूं। दोनों को गंभीर चोट आई हैं। इस वारदात को लेकर व्यापारियों में भारी रोष है। यहां बाजार में व्यापारियों ने दुकान भी बंद कर दी थी, क्योंकि व्यापारियों में दहशत का माहौल है। इसलिए पुलिस प्रशासन को इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि रेवाडी पर हो रहे अपराधों पर लगाम कैसे लगे। इस प्रकार की दिन दहाडे की वारदात होने से पता चलता है कि सुरक्षा में कितनी बडी चूक हो रही है। अपराधियों को पुलिस का कोई खौफ ही नही है। मैंने पहले भी कहा है कि पुलिस को पीसीआर की गस्त बढानी चाहिए और शहर में सीसीटीवी कैमरे लगवाने चाहिए।

# दूषित पानी की समस्या को लेकर सरकार और प्रशासन के सुस्त रवैये से पनपा लोगों में आक्रोश

रवि मेहंदीरत्ता, गुड़गांव टुडे

**रेवाड़ी।** भिवाड़ी से धारूहेडा में आने वाले दूषित पानी को लेकर पूर्व मंत्री कैप्टेन अजय सिंह यादव ने कहा कि इस समस्या के समाधान के प्रति सरकार और प्रशासन के सुस्त रवैये के चलते लोगों का आक्रोश पनप रहा है। यहां के स्थानीय निवासियों ने मुख्यमंत्री से लेकर आला अधिकारियों तक अपनी गुहार लगाई है, लेकिन समस्या जस की तस है। श्री यादव ने कहा कि भिवाडी से आने वाले फैक्ट्रियों के केमिकलयुक्त पानी से न केवल धारूहेडा में भूमिगत जल खराब हो रहा है बल्कि पानी के सडकों पर खडा रहने से सडकें भी श्रतिग्रस्त हो रही हैं। इसके चलते यहां पर आए दिन हादसे होते हैं जिनमें लोगों को जान-माल का नुक्सान उठाना पडता है, दुर्घटना के चलते यहां कई लोगों की जान भी चली गई हैं। उन्होंने कहा कि यहां आने वाले दूषित पानी से धारूहेडा की धरती, हवा और पानी जहरीला हो रहा है।

यहां पर बने अंबेडकर पार्क की सारी दिवार गिर गई, हाउसिंग बोर्ड में पानी भर जाता है। केमिकल युक्त पानी से लोगों को एलर्जी होने लग गई है, यह अति गंभीर विषय है। इसलिए भिवाडी से आने वाले पानी को जल्द से जल्द रोका जाए, ताकि लोगों को होने वाली समस्याओं का सामना न करना पड़ें। कैप्टेन अजय सिंह ने कहा कि विपक्ष में होने के नाते विधायक चिरंजीव राव आगामी विधानसभा सत्र में पानी की इस समस्या को विधानसभा में भी उठाएगें। चिरंजीव राव ने दूषित पानी को लेकर विधानसभा में प्रश्न लगाया हुआ है और इसी सत्र में ध्यान आकषर्ण प्रस्ताव भी लेकर आएगें। श्री यादव ने कहा कि स्थानीय लोगों ने मानवाधिकार आयोग में भी इसकी शिकायत दी थी और मानवाधिकार आयोग ने भी प्रशासन से विस्तृत रिर्पोट तलब कि है।

बावजूद इसके समस्या का समाधान नही हो रहा है, इन बातों से सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि सरकार जन समस्याओं के प्रति कितनी गंभीर है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों के जब पानी सर के उपर चला गया तो उन्होंने मजबूरन एन एच से भिवाडी जाने वाले रोड के सुभाष चौक पर जाम भी लगाया। लेकिन सरकार इस जाम को हल्के में न लें, यदि सरकार ने दूषित पानी की समस्या का समाधान जल्द नही किया तो मजबूरन लोगों को आंदोलन की राह पकडनी पडेगी।

# सिविल सर्जन डा. अशोक कुमार ने आयुष्मान वाहन को हरी झंडी दिखाकर 15 दिवसीय पखवाड़े का किया शुभारंभ




सावन भाटिया, गुड़गांव टुडे

**नारनौल।** डा. अशोक कुमार ने बताया कि इस वाहन रैली में जिले के 12 निजी अस्पताल जो योजना के पैनल पर हैं उन्होंने भी हिस्सा लिया। उनके वाहन भी जिले की प्रत्येक सीएचसी के तहत आने वाले प्रत्येक गांव में जाकर एसईसीसी 2011 के लाभर्थियो के सभी कामन सर्विस सैंटर पर फ्री कार्ड बनाए जाने का प्रचार प्रसार करेंगे।

सिविल सर्जन ने बताया कि

इसके अतिरिक्त वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभी चिकित्सा अधिकारी इंचार्ज की बैठक भी आयोजित कर उन्हें इस पखवाड़े को सफल बनाने के दिशा-निर्देश जारी किए। इस मौके पर आयुष्मान नोडल अधिकारी उप सिविल सर्जन डा. धर्मेश कुमार सैनी, चिकित्सा अधीक्षक डा. आशा शर्मा, जिला सूचना प्रबन्धक उमेश सैनी, डीआईओ डा. नरेन्द्र कुमार, कोमन सर्विस सेंटर जिला प्रबन्धक सुर्दशन शर्मा व अन्य अस्पताल अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144

सावन भाटिया, गुड़गांव टुडे

**नारनौल।** जिलाधीश अजय कुमार ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा जिला में 2 से 15 मार्च तक होने वाली डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष रि-अपीयर परीक्षाओं के दौरान संबंधित परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 लागू की है। जिलाधीश की ओर से जारी आदेशों के अनुसार यह परीक्षा प्रात्काालीन व सांय कालीन सत्र में होगी। जिला में चार परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौल, राजकीय वरिष्ठ विद्यालय नारनौल, गुरू गोबिंद सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारनौल व सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल शामिल हैं। इन परीक्षाओं के सुचारू रूप से चलाने व कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए इन परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 लगाई गई है। परीक्षा केंद्रों पर 200 मीटर की परिधि तक भीड़ एकत्रित होने पर पाबंधी रहेगी। इसके अलावा इस दायरे में कोई भी फोटो स्टेट की दुकाने परीक्षा के दौरान नहीं खुलेंगी।

# डीसी ने किया फसल गिरदावरी के कार्य का निरीक्षण

- **बोई गई फसल तथा रजिस्टर में दर्ज एंट्री का मिलान किया।**
- **गिरदावरी में लापरवाही करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : उपायुक्त।**

सावन भाटिया, गुड़गांव टुडे


नांगल कालिया में गिरदावरी के कार्य का निरीक्षण करते डीसी अजय कुमार।

**नांगल चौधरी।** उपायुक्त अजय कुमार ने आज नांगल चौधरी के गांव नांगल कालिया में फसल गिरदावरी के कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ राजस्व विभाग से जुड़े अधिकारी भी मौजूद थे।

डीसी ने नांगल कालिया के आसपास रबी फसल का जायजा लिया तथा मौके पर ही पटवारी व कानूनगो द्वारा रजिस्टर में दर्ज की गई एंट्री को चेक किया। उन्होंने कई एकड़ में मौके पर बोई गई फसल तथा रजिस्टर में दर्ज एंट्री का मिलान किया। उपायुक्त ने कहा कि गिरदावरी बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। इस काम में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। अगर कहीं भी किसी कर्मचारी द्वारा लापरवाही की जाती है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देश हैं कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि बोई गई फसल की सही इंट्री राज्य विभाग के रिकॉर्ड में दर्ज होनी चाहिए।

कुमार ने बताया कि रबी फसल की गिरदावरी का कार्य कई स्तर पर जांचा जा रहा है। उन्होंने बताया मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकृत किसानों का रिकॉर्ड भी अच्छी तरह से जांचा जाएगा ताकि फसल बेचते समय किसान को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

उन्होंने बताया कि मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर प्रदेश में महेंद्रगढ़ जिला प्रथम स्थान पर है। यहां पर लगभग 72 फीसदी किसानों ने अपना पंजीकरण करवाया है। अब तक जिले के 63 हजार से अधिक किसानों ने अपना पंजीकरण करवाया है। मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर अभी तक रबी फसल के लिए 2.60 लाख एकड़ एरिया कवर हो चुका है।

इस मौके पर उनके साथ नायब तहसीलदार रोहित, सदर कानूनगो राजपाल, नायब सदर कानूनगो ओमप्रकाश के अलावा राजस्व विभाग से जुड़े अन्य कर्मचारी की मौजूद थे।

# विश्व श्रवण दिवस रिपोर्ट में सांकेतिक भाषा पर जोर देने की आवश्यकता

**गुड़गांव टुडे, नई दिल्ली।** बधिरों का विश्व संगठन एक ऐसी अंतरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठन है जो विश्व के लगभग 70 लाख मूक-बधिर व्यक्तियों के मानव अधिकारों को प्रतिनिधित्व और बढ़ावा देने का काम करती है। यह संगठन, विश्व के 122 देशो की मूक-बधिर संश्थाओ के साथ जुड़ी हुई है। मुखबधिर व्यक्तियों के मानवाधिकार को प्रोत्साहित करना, उनके जीवन के हर क्षेत्र मे सामान्य अभिगम्यता, आत्मनिश्चय, एवं सांकेतिक भाषा का सुलभ करना इस संगठन का लक्ष्य है। एनएडी भी इस संघटन से जुडी हुई है।



राष्ट्रीय बधिर संगठन के अध्यक्ष, लेफ्ट मिस्टर ए.एस. नारायणन तथा कार्यकारी निदेशक अनुज जैन ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व श्रवण दिवस हर साल 3 मार्च को मनाया जाता है। डब्ल्यूएचडी वर्ल्ड श्रवण फोरम द्वारा आयोजित किया जाता है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के तहत एक फ़ोरम है।

इस वर्ष का विषय 'सभी की देखभाल के लिए सुनवाई! स्क्रीन, पुनर्वास और संचार करें। विश्व श्रवण पर विश्व रिपोर्ट, विश्व श्रवण दिवस पर घोषित की जाएगी। इस रिपोर्ट मे सांकेतिक भाषा को कोई मान्य नहीं दिया गया है। इस रिपोर्ट के लिए बधिरों का विश्व संगठन ने निम्नलिखित सुझाव दिए है। दिए गए सुझावों के तहत (डब्ल्यूएचओ) को सांकेतिक भाषाओ को बढ़ावा देना चाहिए। पूर्व हस्तक्षेप, जन्म के समय से सांकेतिक भाषा का इस्तेमाल एक मौलिक मानव अधिकार है। मूक-बधिर व्यक्तियों से सम्भंदित नीतियों के निर्माण मे मुखबधिर व्यक्तियों की भाग्यदारी महत्वपूर्ण है। हर प्रकार की सेवा मे सांकेतिक भाषा को मान्यता देना एवं उसका इस्तेमाल करना महत्वपूर्ण है। सांकेतिक भाषा के ज्ञान की प्राप्ति मुखबधिर बच्चों एवं उनके परिवारों का अधिकार है। हमारी भारत सरकार से हमारी सिफ़ारिश है कि भारतीय सांकेतिक भाषा को राज भाषा की मान्यता दे। तथा जनसंख्या जनगणना 2021 मे भारतीय सांकेतिक भाषा को मात्र भाषा के विकल्पों मे शामिल करें। मुखबधिर बच्चों के पुनर्वास एवं शिक्षा मे सांकेतिक भाषा का इस्तेमाल महत्वपूर्णता के साथ हो।

# क्लीन इंडिया, ग्रीन इंडिया व शिक्षित इंडिया के नारे के साथ महेश यादव आज निकलेंगे भारत भ्रमण पर

- **25 दिनों में छह हजार किलो मीटर की साईकिल पर यात्रा करेंगे पूरी।**
- **इन्डिया गेट से हरि झंडी दिखाकर किया जाएगा रवाना।**
- **रेवाड़ी में आज प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी गई।**

रवि मेहंदीरत्ता, गुड़गांव टुडे



**रेवाड़ी।** क्लीन इंडिया, ग्रीन इंडिया व शिक्षित इंडिया के नारे के साथ महेश कुमार कल 3 मार्च से दिल्ली के इंडिया गेट से 6000 किलोमीटर की एक साइकिल यात्रा पर भारत भ्रमण पर निकलेंगे। सोमवार को मॉडल टाउन स्थित पंचनद कार्यालय में एक प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी दी गई। रेवाड़ी के रहने वाले साइक्लिस्ट महेश यादव ने मीडिया को बताया कि वे मंगलवार को इंडिया गेट से अपनी यात्रा प्रारम्भ करेंगे जो राजस्थान के जयपुर, उदयपुर गुजरात के गांधीनगर, नवसारी, महाराष्ट्र के मुंबई होते हुए चेन्नई, भुवनेशवर, कोलकाता, बिहार और यूपी होते हुए वापस दिल्ली पहुंचेगी। 25 दिन के इस टूर में कई शहर से होकर गुजरते हुए अपना सन्देश जनता तक पहुंचाएंगे। एक दिन में 350 किलोमीटर में तय कर सकते हैं महेश कुमार ने कहा कि उन्होंने पहले भी साईकिल यात्रा निकाल कर सन्देश दिया है। इस दौरान उन्हें लोगों का भरपूर सहयोग मिला और इस बार भी केशव चौधरी जैसे लोगो द्वारा उनका सहयोग करने का आश्वासन दिया गया है। महेश के पिता ओमप्रकाश ने बताया कि महेश का शुरू से लोगो को जागरूक करने का क्रेज था। उसी के तहत पूरे भारत के भ्रमण पर जाने का मन बनाया है। बेटे महेश की पर उन्हें गर्व है। पंचनद सेवा समिति ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष केशव चौधरी ने कहा कि 3 मार्च को दिल्ली से शुरू होकर 25 दिनों में 14 राज्यों और 85 शहर से होती हुई छह हज़ार किलोमीटर की यात्रा तय कर इसका समापन रेवाड़ी में होगा। केसव चौधरी ने अपनी ओर से महेश को सहयोग देने की बता करते हुए कहा कि वे अपनी और से 21 हजार रुपये की आर्थिक मदद देने की घोषणा करते है और पंजाबी समाज भी मदद के लिए तत्पर रहेगा। नगर परिषद् के पूर्व प्रधान हरीश अरोड़ा ने भी मीडिया को सम्बोधित किया और महेश को बधाई दी। इस अवसर पर पंचनद जिला अध्यक्ष केशव चौधरी, भीमसेन मखीजा, पूर्व चेयरमैन हरीश अरोड़ा, ओमप्रकाश, सूर्या नियति पाठशाला से सुरेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# दाधिच युवा हुंकार सम्मेलन का हुआ समापन

- **कई मुद्दों पर बनी सहमति।**
- **राष्ट्रीय अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दाधिच ने की शिरकत।**

गुड़गांव टुडे, नई दिल्ली




पुष्कर-अखिल भारत वर्षीय दाहिमा (दाधिच) महासभा के सानिध्य में दो दिवसीय युवा प्रकोष्ट द्वारा आयोजित युवा हुंकार कार्यक्रम का समापन बड़े धूमधाम से किया गया युवा प्रकोष्ट द्वारा की गई दधिमती माता के गोठ मांगलोद में स्थापित मंदिर के जीणोद्धार को लेकर युवा प्रकोष्ट ने बीड़ा उठाया है। महासभा के संरक्षक ओम प्रकाश शास्त्री ने बताया मंदिर का जीणोद्धार करना कोई बड़ी बात नहीं है। लेकिन पिछले कुछ समय से महासभा में जो गतिरोद चला आ रहा है उसका निस्तारण होना जरूरी है और आज समाज का युवा जागा है उसको देखकर में काफी उत्सुक हूं और अब मुझे पूर्ण विश्वास है कि माँ दधिमती का भव्य मंदिर बनेगा। इस दौरान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दाधिच ने रविवार को शिरकत करके समाज में हो रहे छोटे से गतिरोध के बारे में युवाओं को अवगत करवाया। लक्ष्मी नारायण ने बताया की मां के मंदिर जीणोद्धार को लेकर के लगभग सारी तैयारियां कर ली गई है और जल्द गोठ मंगलोद में जीणोद्धार का कार्य शुरू कर दिया जाएगा और पिछले कई समय से समाज के ही कुछ सदस्यों के कारण जीणोद्धार नहीं हो सका मगर अब कुछ ही समय में जीणोद्धार का कार्य शुरू कर दिया जाएगा और मंदिर में प्रन्यास ट्रस्ट भी जीणोद्धार के पक्ष में है और इन्ही सभी मुद्दों को लेकर आयोजन करने पर हार्दिक बधाई दी। इस आयोजन के दौरान राष्ट्रीय वह राजस्थान प्रदेश की कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने माँ दधिमती के जयकारे भी लगाए। इस दौरान युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संपत पथानिया ने महासभा के अध्यक्ष ने भी अपनी बात रखते हुए कहा के अब युवाओं ने पूरा मन बना लिया है और अब ये आंधी रुकने वाली नहीं है जब तक मंदिर का जीणोद्धार नहीं हो जाता। उन्होंने कहा के प्रदेश के कोने कोने से आए दाधिच बंधुओं ने अब ये ठान ली है के अब पीछे नहीं हटेंगे और जो समस्या आ रही है उसका निस्तारण कर के सभी को साथ लेकर इस यज्ञ में आहुति देंगे। उन्होंने ने कहा के आज के समय मे दाधिच समाज हर तरह से सक्षम है और अपनी कुल देवी का भव्य मंदिर निर्माण कर सकता है। इस दौरान राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष मीनाक्षी दाधीच राष्ट्रीय सचिव आशा भाभड़ा राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत जोशी राजस्थान प्रदेश महामंत्री शुभम दाधिच राजस्थान महासभा प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन बिसावा राजस्थान प्रदेश महामंत्री दिवाकर दाधीच व राष्ट्रीय महामंत्री अनिल नवहाल मुकेश दाधिच,पुनीत दाधिच बाबूलाल शर्मा अमित सौरव व्यास हितेश शर्मा के साथ बड़ी संख्या में दाधिच समाज के पदाधिकारी मौजूद थे।

